राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

संख्या–264/2024

प्रेस–विज्ञप्ति

राजभवन में ‘Good Governance Day’ के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया

पटना 25 दिसम्बर, 2024:– माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व० अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर राजभवन के राजेन्द्र मंडप में ‘Good Governance’ पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सुशासन के लिए किये गये कार्यों का समाज पर व्यापक प्रभाव हुआ है। भारत को विकसित राष्ट्र बनने के लिए बिहार का विकसित होना आवश्यक है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता G–20 के शेरपा श्री अमिताभ कांत ने कहा कि भारत में गुड गवर्नेंस के लिए काफी प्रयास किये गये हैं और उनका परिणाम भी दिखाई पड़ रहा है। आज भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति से बढ़ रही है। उन्होंने भारत में संरचनात्मक सुधार, जी०एस०टी० को लागू करना, इज ऑफ डूइंग बिजनेस, आधारभूत संरचना का विकास, तकनीकी विकास, डिजिटाइजेशन, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किये गये उपाय आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति बिहार की प्रगति पर निर्भर है तथा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनने के लिए बिहार का विकसित होना आवश्यक है। उन्होंने भारत को विकसित राष्ट्र बनने में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान की भी चर्चा की।

राज्यपाल ने इस अवसर पर भारतमाता और स्व० अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी एवं श्री विजय कुमार सिन्हा, अन्य मंत्रीगण, सिक्किम के पूर्व राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद, मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारीगण, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, प्रतिकुलपतिगण एवं कुलसचिवगण तथा महाविद्यालयों के प्राचार्यगण, विभिन्न संस्थानों के अध्यक्ष एवं निदेशकगण, विभिन्न आयोगों के अध्यक्ष एवं सदस्यगण, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण व कर्मीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

……………………………………